Series : LKM4N

SET~2

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **32/4/2**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे*
*Time allowed : **3** hours*

*अधिकतम अंक : 80*
*Maximum Marks : **80***

**नोट :**

*(I)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **32** (**1** मानचित्र सहित) हैं ।*

*(II)* *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*

*(III)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं ।*

*(IV)* ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथास्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***

*(V)* *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*

{}

**NOTE :**

*(I)* *Please check that this question paper contains **32** printed pages (Including **1 Map**).*

*(II)* *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*

*(III)* *Please check that this question paper contains **38** questions.*

*(IV)* ***Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.***

*(V)* *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

**1165-2**

सामान्य निर्देश :

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में 38 प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **चार** खण्डों – **क, ख, ग** और **घ** में विभाजित है । प्रत्येक खण्ड 20 अंकों का है ।*

***खण्ड क** : इतिहास*

***खण्ड ख** : भूगोल*

***खण्ड ग** : राजनीति विज्ञान*

***खण्ड घ** : अर्थशास्त्र*

*(iii)* *इस प्रश्न-पत्र में बहुविकल्पीय, अति लघु-उत्तरीय, लघु-उत्तरीय, दीर्घ-उत्तरीय और केस/स्रोत आधारित प्रश्न हैं ।*

*(iv)* *बहुविकल्पीय प्रकार का प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।*

*(v)* *अति लघु-उत्तरीय प्रकार का प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।*

*(vi)* *लघु-उत्तरीय प्रकार का प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।*

*(vii)* *दीर्घ-उत्तरीय प्रकार का प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।*

*(viii)* *केस-आधारित प्रश्न 4 अंक के हैं, जिनमें तीन उप-प्रश्न हैं । इन प्रश्नों का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।*

*(ix)* *मानचित्र आधारित प्रश्न (**दो** प्रश्न) **पाँच** अंकों के हैं :*

***खण्ड क** (इतिहास) – 2 अंक*

***खण्ड ख** (भूगोल) - 3 अंक*

*(x)* *अपनी उत्तर-पुस्तिका को प्रश्न-पत्र के अनुरूप चार भागों में विभाजित कीजिये – खण्ड क (इतिहास), खण्ड ख (भूगोल), खण्ड ग (राजनीति विज्ञान) तथा खण्ड घ (अर्थशास्त्र) ।*

*प्रत्येक प्रश्न का उत्तर उसके संबंधित भाग में ही लिखना अनिवार्य है ।*

*एक खण्ड के उत्तर दूसरे खण्ड के उत्तर के साथ नहीं लिखने हैं ।*

*(xi)* *आवश्यकतानुसार प्रत्येक खण्ड और प्रश्नों के साथ निर्देश दिये गए हैं ।*

*(xii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

*(xiii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । यद्यपि, कुछ प्रश्नों में केवल आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाना चाहिए ।*

**General Instructions :**

***Read the following instructions carefully and strictly follow them :***

*(i)* *This question paper contains* ***38*** *questions.* ***All*** *questions are* **compulsory**.

*(ii)* *Question paper is divided into* ***FOUR*** *sections –* ***Section A, B, C*** *and* ***D****. Each Section carries* ***20*** *marks.*

***Section A : History***

***Section B : Geography***

***Section C : Political Science***

***Section D : Economics***

*(iii)* *This question paper has MCQs, VSAs, SAs, LAs and CBQs.*

*(iv)* *Multiple Choice Questions (MCQs) carry* ***1 mark*** *each.*

*(v)* *Very Short Answer Type Questions (VSAs) carry* ***2 marks*** *each. Answer to each question should not exceed* ***40*** *words.*

*(vi)* *Short Answer Type Questions (SAs) carry* ***3 marks*** *each. Answer to each question should not exceed* ***60*** *words.*

*(vii)* *Long Answer Type Questions (LAs) carry* ***5 marks*** *each. Answer to each question should not exceed* ***120*** *words.*

*(viii)* *There are Cases Based questions (CBQs) with three sub-questions and are of* ***4*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***100*** *words.*

*(ix)* *The map-based questions (****two*** *questions) carry* ***five*** *marks –*

***Section A – (History) – 2 marks***

***Section B – (Geography) – 3 marks***

*(x)* *Divide your answer sheet into four sections as per question paper – Section A (History), Section B (Geography), Section C (Political Science), and Section D (Economics).*

*It is compulsory to answer each question in its respective section.*

*Do not mix answer of one section into the other section.*

*(xi)* *Instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

*(xii)* *Kindly note that a separate question has been provided for visually impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

*(xiii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*

खण्ड – क

(इतिहास) **(20 Marks)**

1. यह दी गई चित्रकला 16वीं शताब्दी की मुगल भारत की है । निम्नलिखित विकल्पों में से इस चित्रकला में दिखाए गए कार्य की पहचान कीजिए : **1**



(A) सिक्के ढालना (B) धातु शिल्पकारी

(C) मिट्टी के बर्तन बनाना (D) पुस्तक-निर्माण

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 1 के स्थान पर है ।**

19वीं शताब्दी में कलकत्ता का निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र लोकप्रिय पुस्तकों के मुद्रण के लिए समर्पित था ? **1**

(A) बारानगर (B) जादवपुर

(C) अलीपुर (D) बाटला

2. निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा सही सुमेलित है ? **1**

| | **स्तंभ-A** (लेखक) | | **स्तंभ-B** (योगदान) |
|---|---|---|---|
| (A) | राम चड्ढा | – | बंगाल गज़ट |
| (B) | गंगाधर भट्टाचार्य | – | केसरी |
| (C) | ज्योतिबा फुले | – | गुलामगिरी |
| (D) | रशसुन्दरी देवी | – | पदमार्ग |

## SECTION – A

**(History)** **(20 Marks)**

1. The given painting is from the sixteenth century from Mughal India. Identify the work shown in this painting from the following options : **1**



(A) Minting of coins (B) Metal crafting

(C) Pottery making (D) Book making

**Note : The following question is for the visually impaired candidates only in lieu of Q. No. 1.**

Which one of the following areas in Calcutta was devoted to the printing of popular books in the 19th century ? **1**

(A) Baranagar (B) Jadavpur

(C) Alipore (D) Batala

2. Which one of the following pairs is correctly matched ? **1**

| | **Column – A (Writer)** | | **Column – B (Contribution)** |
|---|---|---|---|
| (A) | Ram Chaddha | – | Bengal Gazette |
| (B) | Gangadhar Bhattacharya | – | Kesari |
| (C) | Jyotiba Phule | – | Gulamgiri |
| (D) | Rashsundari Devi | – | Padmarg |

3. नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । 1

**अभिकथन (A)** : सोलहवीं शताब्दी में पेरू और मेक्सिको से प्राप्त चाँदी ने यूरोप की संपत्ति में वृद्धि की ।

**कारण (R)** : यूरोप ने इस चाँदी का उपयोग एशिया के साथ अपने व्यापार के वित्तपोषण के लिए किया ।

**विकल्प :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

4. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

I. दूसरा गोलमेज सम्मेलन

II. दमित वर्ग ऐसोसिएशन का गठन

III. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का लाहौर अधिवेशन

IV. अवध किसान सभा का गठन

**विकल्प :**

(A) I, II, IV, III

(B) I, II, III, IV

(C) IV, III, II, I

(D) IV, III, I, II

3. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements and choose the correct option. **1**

**Assertion (A) :** Silver from Peru and Mexico enhanced Europe's wealth in the sixteenth century.

**Reason (R) :** Europe used this silver to finance its trade with Asia.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

4. Arrange the following events in chronological order and choose the correct option : **1**

I. Second Round Table Conference

II. Formation of Depressed Class Association

III. Lahore Session of Indian National Congress

IV. Formation of Awadh Kissan Sabha

**Options :**

(A) I, II, IV, III

(B) I, II, III, IV

(C) IV, III, II, I

(D) IV, III, I, II

5. (a) 'पूर्व-आधुनिक समय में खाद्य पदार्थ दूर देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान के कई उदाहरण पेश करते थे ।' इस कथन की व्याख्या किन्हीं दो उदाहरणों के साथ कीजिए । **2**

**अथवा**

(b) 'पूर्व-आधुनिक समय में व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान दोनों क्रियाएँ साथ चलती थीं ।' इस कथन की व्याख्या किन्हीं दो उदाहरणों के साथ कीजिए । **2**

6. (a) फ्रांसीसी क्रांति में मुद्रण की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए । **3**

**अथवा**

(b) मुद्रण संस्कृति में बौद्ध प्रचारकों की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए । **3**

7. (a) प्रथम विश्व युद्ध के छिड़ने में बाल्कन की भूमिका का वर्णन कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) उन्नीसवीं शताब्दी में राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने में यूरोपीय कलाकारों की भूमिका का वर्णन कीजिए । **5**

8. दिए गए स्रोत को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4**

**भारत छोड़ो आंदोलन**

क्रिप्स मिशन की असफलता एवं द्वितीय विश्व युद्ध के प्रभावों ने भारत में व्यापक असंतोष को जन्म दिया । इसके फलस्वरूप गांधीजी ने एक आंदोलन शुरू किया, जिसमें उन्होंने अंग्रेज़ों के पूरी तरह से भारत छोड़ने पर जोर दिया । वर्धा में 14 जुलाई, 1942 को अपनी कार्यकारिणी में कांग्रेस कार्य समिति ने ऐतिहासिक 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव पारित किया, जिसमें सत्ता का भारतीयों को तत्काल हस्तांतरण एवं भारत छोड़ने की माँग की गई । 8 अगस्त, 1942 को बंबई में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया, जिसमें पूरे देश में व्यापक पैमाने पर एक अहिंसक जन संघर्ष का आह्वान किया गया । इसी अवसर पर गांधीजी ने प्रसिद्ध 'करो या मरो' भाषण दिया था । 'भारत छोड़ो' के इस आह्वान ने देश के अधिकतर हिस्सों में राज्य-व्यवस्था को ठप्प कर दिया, लोग स्वतः ही आन्दोलन में कूद पड़े । लोगों ने हड़तालें कीं और राष्ट्रीय गीतों एवं नारों के साथ प्रदर्शन किए एवं जुलूस निकाले । यह आंदोलन वास्तव में एक जन आन्दोलन था जिसमें छात्र, मज़दूर और किसान जैसे हजारों साधारण लोगों ने हिस्सा लिया । इसमें नेताओं की सक्रिय भागीदारी भी देखी गई जिनमें जयप्रकाश नारायण, अरुणा आसफ अली एवं राम मनोहर लोहिया और बहुत सारी महिलाएँ जैसे बंगाल से मातांगिनी हाजरा, असम से कनकलता बरूआ और उड़ीसा से रमा देवी थीं । अंग्रेजों द्वारा अत्यधिक बल प्रयोग के बावजूद इसे दबाने में एक वर्ष से अधिक समय लग गया ।

5. (a) “Food offered many examples of long distance cultural exchange during pre-modern times.” Explain the statement with any two examples. **2**

**OR**

(b) “Trade and cultural exchange went hand-in-hand during pre-modern times.” Explain the statement with any two examples. **2**

6. (a) Evaluate the role of print in the French Revolution. **3**

**OR**

(b) Evaluate the role of Buddhist Missionaries in printing culture. **3**

7. (a) Describe the role of Balkans in the outbreak of World War – I. **5**

**OR**

(b) Describe the role of European artists in promoting nationalism during nineteenth century. **5**

8. Read the given source carefully and answer the questions that follow : **4**

**Quit India Movement**

The failure of the Cripps Mission and the effects of World War II created widespread discontentment in India. This led Gandhiji to launch a movement calling for complete withdrawal of the British from India. The Congress Working Committee, in its meeting in Wardha on 14 July 1942, passed the historic ‘Quit India’ resolution demanding the immediate transfer of power to Indians and quit India. On $8^{th}$ August 1942 in Bombay, the All India Congress Committee endorsed the resolution which called for a non-violent mass struggle on the widest possible scale throughout the country. It was on this occasion that Gandhiji delivered the famous ‘Do or Die’ speech. The call for ‘Quit India’ almost brought the state machinery to a standstill in large parts of the country as people voluntarily threw themselves into the thick of the movement. People observed *hartals*, and demonstrations and processions were accompanied by national songs and slogans. The movement was truly a mass movement which brought into its ambit thousands of ordinary people, namely students, workers and peasants. It also saw the active participation of leaders, namely, Jayprakash Narayan, Aruna Asaf Ali and Ram Manohar Lohia and many women such as Matangini Hazra in Bengal, Kanaklata Barua in Assam and Rama Devi in Orissa. The British responded with much force, yet it took more than a year to suppress the movement.

8.1 क्रिप्स मिशन की विफलता ने किस प्रकार भारत छोड़ो आंदोलन को प्रारंभ करने में योगदान दिया ? 1

8.2 गांधीजी का 'भारत छोड़ो' का आह्वान ऐतिहासिक क्यों माना गया ? 1

8.3 भारत छोड़ो आंदोलन को अधिक समावेशी बनाने में महिलाओं की भूमिका की व्याख्या कीजिए। 2

**(मानचित्र-कौशल आधारित प्रश्न)** 2

9. भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में दो स्थानों को A और B के रूप में अंकित किया गया है। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए :

A. वह स्थान जहाँ गांधीजी ने नमक कानून तोड़ा था। 1

B. वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था। 1

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 9 के स्थान पर हैं।**

9.1 उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गांधीजी ने नमक कानून को तोड़ा था। 1

9.2 उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ 1920 में पूर्वी भारत में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था। 1

## खण्ड – ख (20 Marks)

**(भूगोल)**

10. निम्नलिखित में से कौन सी फसल उष्ण और आर्द्र जलवायु में बोई जाती है ? 1

(A) गन्ना (B) मटर

(C) गेहूँ (D) चना

11. भारत में 'भू-उपयोग' के निम्नलिखित किस संवर्ग में वृद्धि दर्ज हुई है ? 1

(A) स्थायी चरागाह (B) कृषि हेतु अयोग्य

(C) बंजर (D) वन

8.1 How did the failure of the Cripps Mission contribute to the launch of the Quit India Movement ? **1**

8.2 Why was Gandhiji's call for the 'Quit India' considered historic ? **1**

8.3 Explain the role of women in making the Quit India Movement more inclusive. **2**

**(Map-Skill Based Questions)** **2**

9. Two places 'A' and 'B' have been marked on the given political outline map of India. Identify them with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them :

A. The place where Gandhiji broke the Salt Law. **1**

B. The place where the session of Indian National Congress was held. **1**

**Note : The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Question No. 9.**

9.1 Name the place where Gandhiji broke the Salt Law. **1**

9.2 Name the place where the session of Indian National Congress was held in 1920 in Eastern India. **1**

## SECTION – B (20 Marks)

## (Geography)

10. Which one of the following crops grows well in hot and humid climate ? **1**

(A) Sugarcane (B) Peas


(C) Wheat (D) Gram

11. In which of the following categories of 'land-use' has India registered an increase ? **1**

(A) Permanent pasture (B) Unsuitable for agriculture

(C) Barren (D) Forest

12. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**




**विकल्प :**

(A) अधात्विक (B) धात्विक

(C) बहुमूल्य (D) ऊर्जा


13. स्तंभ-I का मिलान स्तंभ-II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

| | **स्तंभ-I (राष्ट्रीय उद्यान)** | | **स्तंभ-II (राज्य)** |
|---|---|---|---|
| a. | कॉर्बेट | i. | राजस्थान |
| b. | सुन्दरबन | ii. | उत्तराखण्ड |
| c. | सरिस्का | iii. | केरल |
| d. | पेरियार | iv. | पश्चिम बंगाल |

**विकल्प :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | i | iii | ii | iv |
| (C) | iv | ii | iii | i |
| (D) | ii | iv | i | iii |

12. Choose the correct option to fill in the blank : **1**




**Options :**

(A) Non-metallic (B) Metallic

(C) Precious (D) Energy

13. Match Column – I with Column – II and choose the correct option : **1**

| **Column – I (National Park)** | | **Column – II (States)** | |
|---|---|---|---|
| a. | Corbett | i. | Rajasthan |
| b. | Sunderban | ii. | Uttarakhand |
| c. | Sariska | iii. | Kerala |
| d. | Periyar | iv. | West Bengal |

**Options :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | i | iii | ii | iv |
| (C) | iv | ii | iii | i |
| (D) | ii | iv | i | iii |

14. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में किसानों के 'बीज–बचाओ आंदोलन' की शुरुआत हुई ? **1**

(A) कुमाऊँ (B) टिहरी

(C) अल्मोड़ा (D) चमोली

15. दिए गए इंफोग्राफिक को ध्यानपूर्वक पढ़िए और वर्णित मृदा की पहचान करने वाले सही विकल्प का चयन कीजिए। **1**

**(1)** रेतीली बनावट ⟶ **(2)** रंग लाल और भूरा ⟶ **(3)** शुष्क जलवायु के कारण मृदा में ह्यूमस की कमी

**विकल्प :**

(A) लैटेराइट मृदा (B) वन मृदा

(C) मरुस्थली मृदा (D) काली मृदा

16. यदि भारत का प्रत्येक किसान आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाए तो गाँवों में इससे आने वाले किन्हीं दो सकारात्मक परिवर्तनों की व्याख्या कीजिए। **2**

17. (a) ग्रामीण क्षेत्रों में बायोगैस ऊर्जा के महत्त्व की परख कीजिए। **5**

**अथवा**

(b) औद्योगिक उपयोग के लिए प्राकृतिक गैस के महत्त्व की परख कीजिए। **5**

14. In which of the following regions did the "Beej-Bachao Andolan" of farmers begin ? **1**

(A) Kumaon (B) Tehri

(C) Almora (D) Chamoli

15. Read the given infographics carefully and choose the correct option that identifies the soil described. **1**

| **(1)** | | **(2)** | | **(3)** |
|---|---|---|---|---|
| Sandy in texture | ⟶ | Red to brown in colour | ⟶ | Soil lacks humus due to dry climate |

**Options :**

(A) Laterite soil (B) Forest soil

(C) Arid soil (D) Black soil

16. If every farmer in India follows modern farming practices, explain any two positive changes this could bring to villages. **2**

17. (a) Examine the importance of Bio-gas energy in rural areas. **5**

**OR**

(b) Examine the significance of natural gas for industrial usage. **5**

18. दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4**

**सरदार सरोवर परियोजना**

सरदार सरोवर बाँध गुजरात में नर्मदा नदी पर बनाया गया है । यह भारत की एक बड़ी जल संसाधन परियोजना है जिसमें चार राज्य – महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात तथा राजस्थान सम्मिलित हैं । सरदार सरोवर परियोजना सूखाग्रस्त तथा मरुस्थलीय भागों की जल की आवश्यकता को पूरा करेगी । सरदार सरोवर परियोजना गुजरात के 15 जिलों के 3112 गाँवों के 18.45 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई सुविधा प्रदान करेगी । इससे राजस्थान के सामरिक महत्त्व के रेगिस्तानी जिलों बाड़मेर और जालौर के 2,46,000 हेक्टेयर की सिंचाई भी होगी तथा महाराष्ट्र के आदिवासी पहाड़ी इलाके में लिफ़्ट के माध्यम से 37,500 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी । गुजरात में लगभग 75 प्रतिशत कमांड क्षेत्र सूखा प्रवण है जबकि राजस्थान में संपूर्ण कमांड क्षेत्र सूखा प्रवण है । सुनिश्चित जल की उपलब्धता जल्द ही इस क्षेत्र को सूखारोधी बना देगी ।

18.1 सरदार सरोवर परियोजना को गुजरात के लिए महत्त्वपूर्ण क्यों माना जाता है ? **1**

18.2 सरदार सरोवर परियोजना में चार राज्यों को क्यों शामिल किया गया ? **1**

18.3 यह परियोजना सतत विकास को कैसे बढ़ावा देती है ? **2**

**(मानचित्र-कौशल आधारित प्रश्न)**

19. प्रश्न संख्या **9** के लिए दिए गए भारत के रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए :

(i) चिनाब नदी पर बनाया गया बाँध **1**

(ii) महाराष्ट्र में स्थित आण्विक ऊर्जा संयंत्र **1**

(iii) तमिलनाडु में स्थित सॉफ़्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क **1**

(iv) पंजाब में स्थित अन्तर्राष्ट्रीय वायु पत्तन **1**

18. Read the given source and answer the questions that follow : **4**

**Sardar Sarovar Project**

Sardar Sarovar Dam has been built over the Narmada river in Gujarat. This is one of the largest water resources projects of India covering four states – Maharashtra, Madhya Pradesh, Gujarat and Rajasthan. The Sardar Sarovar Project would meet the requirement of water in drought prone and desert areas. Sardar Sarovar Project will provide irrigation facilities to 18.45 lakh hectare of land, covering 3112 villages in 15 districts of Gujarat. It will also irrigate 2,46,000 hectare of land in the strategic desert districts of Barmer and Jalore in Rajasthan and 37,500 hectare in the tribal hilly tract of Maharashtra through lift. About 75% of the command area in Gujarat is drought prone while entire command in Rajasthan is drought prone. Assured water supply will soon make this area drought proof.

18.1 Why is Sardar Sarovar Project considered important for Gujarat ? **1**

18.2 Why is Sardar Sarovar Project designed to cover four states ? **1**

18.3 In what ways does this project promote sustainability ? **2**

**(Map-Skill Based Questions)**

19. On the same outline map of India given for Q. No. **9**, locate and label any **three** of the following with suitable symbols :

(i) The major dam constructed on the Chenab river **1**

(ii) Nuclear power plant in Maharashtra **1**

(iii) Software Technology Park in Tamil Nadu **1**

(iv) International Airport in Punjab **1**

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर हैं ।**

**निम्नलिखित में से कोई तीन कीजिए :**

(i) उस बाँध का नाम लिखिए जो भारत में चिनाब नदी पर बनाया गया है । 1

(ii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महाराष्ट्र में 'आण्विक ऊर्जा संयंत्र' स्थित है । 1

(iii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ तमिलनाडु में सॉफ़्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क स्थित है । 1


(iv) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ पंजाब में अन्तर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है । 1

## खण्ड – ग **(20 Marks)**

### (राजनीति विज्ञान)

20. नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए : 1

इस कार्टून में लोकतंत्र का निम्नलिखित में से कौन सा सामर्थ्य उजागर किया गया है ?




(A) सभी सामाजिक संघर्षों से बचना ।

(B) त्वरित निर्णय लेना ।

(C) एक के पास सत्ता का संकेन्द्रण

(D) विभिन्न माँगों के समायोजन की सोच

**Note :** **The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Question No. 19.**

**Attempt any three of the following :**

(i) Name the dam built on River Chenab in India. **1**

(ii) Name the place where 'nuclear power plant' is located in Maharashtra. **1**

(iii) Name the place where software technology park is located in Tamil Nadu. **1**


(iv) Name the place where international airport is located in Punjab. **1**

## SECTION – C (20 Marks)

## (Political Science)

20. Look at the given picture carefully and choose the most appropriate option :

Which of the following is a strength of democracy highlighted in the cartoon ? **1**




(A) Avoidance of social conflicts.

(B) Quick decision-making

(C) Concentration of power with one

(D) Thinking accommodation of various demands.

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 20 के स्थान पर है ।** **1**

लोकतंत्र में सरकार किसके प्रति उत्तरदायी होती है ?

(A) संपन्न समाजों के प्रति (B) वंचित समाजों के प्रति

(C) समुदायों के प्रति (D) नागरिकों के प्रति

21. भारत के विकेन्द्रीकरण के संबंध में दिए गए कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । **1**

i. ग्रामीण स्थानीय सरकार को पंचायती राज के रूप में जाना जाता है ।

ii. प्रत्येक गाँव या गाँवों के समूह में ग्राम पंचायत होती है ।

iii. गाँवों के पंच और सरपंच का चयन चुनाव आयोग द्वारा किया जाता है ।

iv. पंचायत ग्राम सभा की देख-रेख में काम करती है ।

**विकल्प :**

(A) केवल i, iii और iv सही हैं ।

(B) केवल i, ii और iv सही हैं ।

(C) केवल ii, iii और iv सही हैं ।

(D) केवल i, ii और iii सही हैं ।

22. निम्नलिखित में से विषम की पहचान कीजिए : **1**

(A) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और भारतीय जनता पार्टी

(B) राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल

(C) राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिवसेना

(D) यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी और नेशनल पीपुल्स पार्टी

**Note : The following question is for the Visually Impaired Candidates in lieu of Question No. 20.** **1**

In a democracy, the government is responsible :

(A) Towards prosperous societies

(B) Towards deprived societies

(C) Towards communities

(D) Towards citizens.

21. Read the given statements regarding decentralisation in India and choose the correct option : **1**

i. Rural local government is known as Panchayati Raj.

ii. Each village or group of villages have Gram Panchayat.

iii. Panch and Sarpanch of villages are selected by Election Commission.

iv. Panchayat works under the supervision of Gram Sabha.

**Options :**

(A) only i, iii and iv are correct.

(B) only i, ii and iv are correct.

(C) only ii, iii and iv are correct.

(D) only i, ii and iii are correct.

22. Find the odd one out from the following : **1**

(A) Communist Party of India (M) & Bharatiya Janata Party

(B) Rashtriya Janata Dal & Janata Dal

(C) Nationalist Congress Party & Shiv Sena

(D) United Democratic Party & National People's Party

23. नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

**अभिकथन (A)** : श्रीलंका में गृहयुद्ध जातीयता के राजनीतिक समायोजन की विफलता का परिणाम था ।

**कारण (R)** : श्रीलंका में सिंहाली और तमिल समुदायों के बीच पारस्परिक अविश्वास ने बड़े टकराव का रूप ले लिया ।

**विकल्प :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

24. सभी व्यवसायों में महिलाओं के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए कोई दो उपाय सुझाइए । **2**

25. लोकतंत्र और तानाशाही में अंतर स्पष्ट कीजिए । **2**

26. भारतीय संविधान केन्द्र और राज्यों के बीच शक्तियों के वितरण को कैसे परिभाषित करता है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । **3**

27. (a) 'किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की संस्थाओं में राजनीतिक दल अलग दिखाई देते हैं ।' इस कथन की परख कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) "वर्तमान में राजनीतिक दलों के सामने अनेक चुनौतियाँ हैं" । इस कथन की परख कीजिए । **5**

23. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option : **1**

**Assertion (A) :** The civil war in Sri Lanka resulted due to failure of political accommodation of ethnicity.

**Reason (R) :** The distrust between the Sinhala and Tamil communities turned into widespread conflict in Sri Lanka.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

24. Suggest two measures to ensure equal opportunities for women in all professions. **2**

25. Differentiate between democracy and dictatorship. **2**

26. How does the Indian Constitution define the distribution of powers between the centre and the states ? Explain with examples. **3**

27. (a) "Political parties are one of the most visible institutions in a democracy." Examine the statement. **5**

**OR**

(b) "There are many challenges before the political parties." Examine the statement. **5**

28. दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**सत्ता विभाजन**

शासन के विभिन्न अंग, जैसे विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच सत्ता का बँटवारा रहता है । इसे हम सत्ता का क्षैतिज वितरण कहेंगे, क्योंकि इसमें सरकार के विभिन्न अंग एक ही स्तर पर रहकर अपनी-अपनी शक्ति का उपयोग करते हैं । ऐसे बँटवारे से यह सुनिश्चित हो जाता है कि कोई भी एक अंग सत्ता का असीमित उपयोग नहीं कर सकता । हर अंग दूसरे पर अंकुश रखता है । इससे विभिन्न संस्थाओं के बीच सत्ता का संतुलन बनता है । लोकतांत्रिक संस्थाओं के बारे में 9वीं कक्षा में पढ़ते हुए हमने देखा था कि हमारे देश में कार्यपालिका सत्ता का उपयोग करती जरूर है पर यह संसद के अधीन कार्य करती है; न्यायपालिका की नियुक्ति कार्यपालिका करती है पर न्यायपालिका ही कार्यपालिका पर और विधायिका द्वारा बनाए कानूनों पर अंकुश रखती है । इस व्यवस्था को 'नियंत्रण और संतुलन की व्यवस्था' भी कहते हैं ।

28.1 'शक्ति का संतुलन' शब्द की व्याख्या कीजिए । **1**

28.2 लोकतंत्र में न्यायपालिका को स्वतंत्र क्यों माना जाता है ? **1**

28.3 सरकार के विभिन्न अंगों के बीच शक्ति का आबंटन किस प्रकार होता है ? **2**

**खण्ड – घ** **(20 Marks)**

**(अर्थशास्त्र)**

29. निम्नलिखित में से कौन सी रिपोर्ट स्वास्थ्य, शिक्षा और प्रति व्यक्ति आय के संदर्भ में देशों की तुलना करती है ? **1**

(A) मानव विकास रिपोर्ट
(B) वैश्विक व्यापार रिपोर्ट
(C) विश्व विकास रिपोर्ट
(D) आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट

30. भारत सरकार द्वारा विदेशी व्यापार और निवेश पर लगे अवरोधों के हटाने को क्या कहा गया है ? **1**

(A) औद्योगीकरण
(B) राष्ट्रीयकरण
(C) निजीकरण
(D) उदारीकरण

28. Read the given source carefully and answer the questions that follow :

**Power Sharing**

Power is shared among different organs of government, such as the legislature, executive and judiciary. Let us call this horizontal distribution of power because it allows different organs of government placed at the same level to exercise different powers. Such a separation ensures that none of the organs can exercise unlimited power. Each organ checks the others. This results in a balance of power among various institutions. Last year, we studied that in a democracy, even though ministers and government officials exercise power, they are responsible to the Parliament or State Assemblies. Similarly, although judges are appointed by the executive, they can check the functioning of executive or laws made by the legislatures. This arrangement is called a system of checks and balances.

28.1 Explain the term 'Balance of Power'. **1**

28.2 Why is the judiciary considered independent in a democracy ? **1**

28.3 How is power shared among different organs of government ? **2**

**SECTION – D** **(20 Marks)**

**(Economics)**

29. Which of the following reports compare countries using health, education and per capita income ? **1**

(A) Human Development Report

(B) Global Trade Report

(C) World Development Report

(D) Economic Survey Report

30. The removal of barriers on foreign trade and investment by the Indian government has been called as : **1**

(A) Industrialisation (B) Nationalisation

(C) Privatisation (D) Liberalisation

31. दिए गए केस को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

स्वपना, एक छोटी किसान अपनी तीन एकड़ जमीन पर मूँगफली उगाती है । खेती के खर्चों के लिए वह साहूकार से ऋण लेती है पर बीच में ही बाढ़ आ जाने से उसकी फसल खराब हो जाती है और उस पर कर्जा बढ़ जाता है । फसल का प्रबंधन करने के लिए उसे फिर से ऋण की आवश्यकता है ।

स्वपना को सुझाव दीजिए कि निम्नलिखित में से किस स्रोत से ऋण लेना उसके लिए उचित होगा ।

(A) मित्रों से (B) रिश्तेदारों से

(C) साहूकार से (D) बैंक से

32. निम्नलिखित जानकारी की सहायता से स्वामित्व के आधार पर अर्थव्यवस्था के क्षेत्रक की पहचान कीजिए : **1**

- अधिकांश परिसंपत्तियों पर सरकार का स्वामित्व होता है ।
- सेवाएँ उपलब्ध कराना सरकार के हाथों में होता है ।
- उचित मूल्य दुकानें इनका एक उदाहरण है ।

(A) निजी क्षेत्रक

(B) सार्वजनिक क्षेत्रक

(C) संयुक्त क्षेत्रक

(D) सहकारी क्षेत्रक

33. दिए गए आँकड़ों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उनके नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखिए । **1**

| देश | नागरिकों की मासिक आय (₹ में) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | I | II | III | IV | V | AY |
| **A** | 9,500 | 10,500 | 9,800 | 1,000 | 10,200 | |
| **B** | 500 | 500 | 500 | 500 | 4,800 | |

देश A के नागरिकों की औसत मासिक आय की पहचान कीजिए ।

(A) 8,200 (B) 9,000

(C) 1,000 (D) 9,020

31. Read the given case and choose the correct option : **1**

Swapna, a small farmer grows groundnut on her three acres of land. She takes a loan from the moneylender to meet the expenses of cultivation but midway due to flood, crop fails and her debt increased. Again she has to take loan to manage crops.

Suggest Swapna, which of the following sources of loan would be suitable for her.

(A) Friends
(B) Relatives
(C) Moneylenders
(D) Banks

32. Identify the sector of the economy on the basis of ownership with the help of following information : **1**

- The government owns most of the assets.
- Delivery of services in the hands of government.
- Fair price shops is an example of it.

(A) Private Sector
(B) Public Sector
(C) Joint Sector
(D) Cooperative Sector

33. Study the given data carefully and answer the question that follows : **1**

| **Country** | **Monthly income of citizens in ₹** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | I | II | III | IV | V | AY |
| **A** | 9,500 | 10,500 | 9,800 | 1,000 | 10,200 | |
| **B** | 500 | 500 | 500 | 500 | 4,800 | |

Identify the average monthly income of citizens in country A.

(A) 8,200
(B) 9,000
(C) 1,000
(D) 9,020

34. सही विकल्प का चयन कर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : **1**

निवल उपस्थिति अनुपात को स्कूल जाने वाले 6-10 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों की कुल संख्या के _______ के रूप में व्यक्त किया जाता है ।

(A) अनुपात (B) प्रतिशत

(C) अंश (D) सूचकांक

35. 'नई प्रौद्योगिकी ने विश्व को आपस में जोड़ने में मदद की है ।' उपयुक्त तर्कों के साथ इस कथन को न्यायसंगत ठहराइये । **3**

36. आर्थिक विकास के लिए ऋण क्यों महत्त्वपूर्ण है ? स्पष्ट कीजिए । **3**

37. भविष्य के लिए विकास की धारणीयता को आवश्यक बनाने वाले मुद्दों का विश्लेषण कीजिए । **3**

38. (a) अर्थव्यवस्था में द्वितीयक क्षेत्रक की भूमिका को स्पष्ट कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) अर्थव्यवस्था में तृतीयक क्षेत्रक की भूमिका को स्पष्ट कीजिए । **5**

34. Choose the correct option to fill in the blank : **1**

Net attendance ratio is expressed as a ________ of total children in the age group of 6 – 10 years attending school.

(A) Ratio (B) Percentage

(C) Fraction (D) Index

35. "New technology has helped to connect the world." Justify the statement with suitable arguments. **3**

36. Why is credit important for economic development ? Explain. **3**


37. Analyse the issues that necessitate sustainable development for the future. **3**

38. (a) Explain the role of secondary sector in an economy. **5**

**OR**

(b) Explain the role of tertiary sector in an economy. **5**

प्रश्न सं. 9 और 19 के लिए मानचित्र
Map for Q. No. 9 and 19




यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here